RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 28 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 100 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई में अब नहीं भरेगा बारिश का पानी...



Page - 2

# मुख्यमंत्री फडणवीस की कैबिनेट मंत्रियों को सलाह....

# पत्र युद्ध न छेड़ें, आपस में बात करके समस्या सुलझाएं

**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट और भाजपा की राज्य मंत्री माधुरी मिसाल के बीच अधिकारियों की बैठक को लेकर छिड़े विवाद के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट मंत्रियों को सलाह जारी की है। सीएम ने कहा कि सभी मंत्री पत्र युद्ध से दूर रहें। आपस में बात करके समस्या का समाधान करें। इसके बाद भी कठिनाई की स्थिति में मुझसे संपर्क करें।**

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि किसी को भी पत्र युद्ध नहीं छेड़ना चाहिए। मंत्रियों को आपस में बात करनी चाहिए। अगर उन्हें कोई परेशानी है, तो उन्हें आकर मुझे बताना चाहिए। ताकि हम उसका समाधान कर सकें। आखिरकार कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री एक ही सरकार का हिस्सा हैं। सारी शक्तियां मंत्री के पास होती हैं। मंत्री जो भी शक्तियां राज्य मंत्रियों को देते हैं, वे राज्य मंत्रियों की होती हैं। इस पर कोई भ्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मानना गलत है कि राज्य मंत्री के पास बैठकें आयोजित करने का अधिकार नहीं है। लेकिन अगर बैठकों में नीतिगत फैसले कैबिनेट मंत्री से सलाह लिए बिना नहीं लिए जा सकते। इसके बाद भी फैसले लिए जाते हैं, तो उन्हें मंत्री की मंजूरी लेनी होगी।



## यह है मामला...

महाराष्ट्र सरकार के दो मंत्री सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट और भाजपा की राज्य मंत्री माधुरी मिसाल के बीच इन दिनों तनाव है। सामाजिक न्याय विभाग मंत्री संजय शिरसाट (शिवसेना-शिंदे गुट) ने अपनी सहयोगी और विभाग की राज्य मंत्री माधुरी मिसाल (भाजपा) द्वारा अधिकारियों के साथ बिना सूचना के बैठक करने पर नाराजगी जताई थी। मिसाल ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि यह उनका अधिकार क्षेत्र है और वह आगे भी ऐसी बैठकें करती रहेंगी। मामले में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था कि मुख्यमंत्री कैबिनेट मंत्रियों और उनके कनिष्ठों के बीच उनके संबंधित विभागों में सत्ता के बंटवारे के मुद्दे पर विचार करेंगे।

## मुंबई: एक्ट्रेस रुचि गुर्जर समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज...



**मुंबई:** रुचि गुर्जर ने मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में फिल्म मेकर करण सिंह चौहान के खिलाफ 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी. लेकिन, अब एक्ट्रेस रुचि गुर्जर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं. अम्बोली पुलिस ने एक्ट्रेस रुचि गुर्जर समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. यह मुकदमा फिल्म 'सो लॉन्ग वैली' के निमार्ता मान लाल सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है.

मुंबई पुलिस ने एक्ट्रेस रुचि गुर्जर समेत 6 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 189(1), 189(2), 190, 191(1), 329(3), 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. रुचि गुर्जर पर आरोप है कि वह प्रीमियर शो के दौरान अपने प्राइवेट सुरक्षा गार्डों के साथ बिना अनुमति के सिनेमाघर में घुस गईं और जमकर हंगामा किया. एक्ट्रेस ने गाली-गलौज कर फिल्म के प्रदर्शन में बाधा डालने की कोशिश की. यह घटना 25 जुलाई को अंधेरी वेस्ट स्थित सिनेपोलिस सिनेमा में हुई, जहां रात 9 बजे फिल्म का प्रीमियर शो आयोजित था.

**फिल्म 'सो लॉन्ग वैली' का हो रहा था प्रीमियर**

शिकायतकर्ता मान लाल सिंह ने पुलिस को बताया कि फिल्म 'सो लॉन्ग वैली' का निर्माण 2023 से चल रहा था और 25 जुलाई को इसकी आधिकारिक रिलीज होनी थी, लेकिन प्रीमियर शो से ठीक पहले रात करीब 8:40 बजे रुचि, चार महिलाओं और कुछ बॉडी गार्ड्स के साथ सिनेमा हॉल पहुंचीं और बिना किसी निमंत्रण या अनुमति के अंदर घुस गईं.

रुचि गुज्जर पर आरोप

मान लाल सिंह ने वहां मौजूद लोगों के सामने जोर-जोर से चिल्लाते हुए कहा कि वह फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने देंगी. उन्होंने निमार्ता मान लाल सिंह को अपशब्द कहा और अपने पैसों की मांग करते हुए धमकियां भी दीं. जब वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो रुचि के बॉडी गार्ड्स ने धक्का-मुक्की की और खुद एक्ट्रेस ने चप्पल निकालकर मान सिंह पर हमला कर दिया. इतना ही नहीं, उन्होंने एक प्लास्टिक की बोतल भी फेंकी.

## ऑनलाइन गेम ने बना दिया अपराधी...

### सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई :** कुर्ला इलाके में रहने वाले एक 22 वर्षीय युवक ने ऑनलाइन गेम एविएटर खेलने के लिए लोगों से पैसे उधार लिए, लेकिन खेल में सारा पैसा हार गया। भारी कर्ज में डूबे युवक पर जब उधारी देने वालों का दबाव बढ़ा, तो उसने अपराध की राह पकड़ ली। कर्ज से पीछा छुड़ाने के लिए उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर 74 वर्षीय महिला से चेन स्नैचिंग कर डाली।

माटुंगा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पुलिस राजेन्द्र पवार ने कहा कि 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला जैन मंदिर से पूजा करके अपने घर लौट रही थीं, उसी दौरान शिशुवन स्कूल के पास तेज रफ्तार से एक डब्लट बाइक आई, जिस पर दो युवक सवार थे बाइक मोहित शेट्टी (22) चला रहा था और उसके पीछे उसका दोस्त रोहित गौड़ (19) बैठा था। पवार ने आगे कहा कि रोहित ने चलते-चलते महिला के गले से एक तोले की सोने की चेन झपटी और तेजी से फरार हो गया। इस वारदात में रोहित का नाखून महिला के गले पर लग गया, जिससे वह घायल हो गईं।

**सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस ने किया गिरफ्तार**

इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई, मौके के आसपास लगे उउळ फुटेज की जांच और तकनीकी विश्लेषण के जरिए पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान की और कुछ ही घंटों में कुर्ला इलाके से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पवार ने बताया कि पूछताछ में मोहित शेट्टी ने पुलिस को बताया कि उस पर 85,000 रुपए का कर्ज हो चुका था। वह नवी मुंबई के वाशी इलाके में स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हाउस बॉय का काम करता है। मोहित ने स्वीकार किया कि वह एविएटर नामक ऑनलाइन गेम खेलने का आदी हो चुका था और उसी के लिए उसने अपने जान-पहचान के लोगों से पैसे उधार लिए थे, जब उधार देने वालों ने पैसे वापस मांगने का दबाव बनाया, तो मोहित तनाव में आ गया और चैन स्नेचिंग का प्लान बनाया। इस जुर्म में उसका साथ दिया उसके बचपन के दोस्त रोहित गौड़ ने, दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं और लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं। पवार ने कहा कि इस मामले को एक चेतावनी के रूप में लिया है और युवाओं को ऑनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसने से बचना चाहिए, उनके परिजनो को उनके की सलाह दी है। अधिकारियों का कहना है कि छोटी उम्र में कर्ज और दबाव के चलते कई युवा गलत राह पकड़ रहे हैं।

## मुंबई: विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी... मुंबई में शातिर गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई में एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया गया है, जिसने न्यूजीलैंड और अजरबैजान में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7 लोगों से कुल 35.90 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले की जानकारी दी। आरोपी का नाम मोहम्मद शफीक मोहम्मद हनीफ खान (उम्र 42 वर्ष) है, जो ठाणे के मुंब्रा इलाके का रहने वाला है। उसने दक्षिण मुंबई के अग्रिपाड़ा में एक फर्जी जॉब कंसल्टेंसी ऑफिस खोल रखा था।

पुलिस के मुताबिक, शफीक ने नौकरी के इच्छुक लोगों से पैसे लेकर नकली वीजा, फर्जी फ्लाइट टिकट और जाली अपॉइंटमेंट लेटर दिए। जब कुछ लोगों को दस्तावेजों पर शक हुआ, तो ठगी का खुलासा हुआ पीड़ितों की शिकायत पर अग्रिपाड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया, साथ ही क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने भी जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## दृष्टिकोण में बदलाव...

**पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया और उस पर हस्ताक्षर किए। इसे हाल के वर्षों में भारत द्वारा किया गया सबसे व्यापक व्यापार करार माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर पिछले कुछ वर्षों से चर्चा चल रही थी। इस बारे में जनवरी 2022 में औपचारिक वार्ता शुरू हुई थी और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उम्मीद जताई थी कि यह समझौता उसी साल दीपावली तक हो जाएगा। मगर तथ्य यह है कि समझौते पर अनौपचारिक चर्चा 2016 में ब्रिटेन में यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के लिए हुए मतदान से पहले से ही चल रही थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उस दौरान जो कुछ भी बातचीत हुई थी, उसकी रूपरेखा बदल गई थी। 6 या 7 साल पहले स्थिति यह थी कि जब तक किसी भी समझौते में वीजा या प्रवासियों का बड़ा मुद्दा शामिल न हो, भारत शुल्क कटौती पर चर्चा से इनकार करना चतुराई समझता था।**

**ऐसी मांगों के कारण 10 डाउनिंग स्ट्रीट में डेविड कैमरन की उत्तराधिकारी टरीसा मे के साथ बातचीत में बाधा आई थी। मगर इस दरमियान ब्रिटेन का राजनीतिक माहौल प्रवासन के खिलाफ हो चुका है। समझौते में महज 1,800 अतिरिक्त पेशेवर वीजा का वादा किया गया है। इस संयम की बुद्धिमत्ता तब स्पष्ट हो गई जब बचत योजनाओं में दोहरे योगदान संबंधी एक अहानिकर प्रावधान भी ब्रिटेन में बड़ा विवाद का कारण बन गया जबकि इस समझौते में अन्य कमियां भी हैं। उदाहरण के लिए निवेश पर अभी भी चर्चा होनी बाकी है। हालांकि यह कहना उचित होगा कि यह एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के साथ सबसे व्यापक समझौता है। और यह व्यापार को लेकर भारत की मानसिकता में महत्त्वपूर्ण बदलाव को प्रतिबिंबित करता है।**

**सवाल यह है कि मानसिकता में इस बदलाव को अब अन्य व्यापारिक भागीदारों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ (ईयू) पर कितना और किस तरह लागू किया जा सकता है। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है और भारत के प्रधानमंत्री और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा है कि इसे इस साल के अंत तक संपन्न हो जाना चाहिए। भारत ने ब्रिटेन से जो प्रतिबद्धताएं की हैं और रियायतें दी हैं, उनसे देश में बहुत कम या कोई राजनीतिक चिंता नहीं हुई है। इसलिए वातार्कार यूरोपीय संघ के साथ बातचीत में शुल्क में अधिक कटौती का जोखिम उठा सकते हैं। यूरोपीय संघ के साथ वार्ता में इनमें से कुछ की आवश्यकता पड़ सकती है क्योंकि ईयू को अपने आकार और अफसरशाही ढांचे को देखते हुए अन्य की तुलना में अधिक व्यापक चर्चा और समझौते की आवश्यकता होगी।**

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On
YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई में अब नहीं भरेगा बारिश का पानी...

## AI की मदद से BMC लाया ये खास सुविधा





**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र में इन दिनों जमकर बारिश हो रही है, जिससे जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है. खासतौर पर मुंबई शहर में जलभराव की वजह से टनल को बंद किया जा चुका है. इस समस्या से निपटने के लिए इटउ ने अपनी कमर कस ली है. दरअसल इटउ ने बारिश के मद्देनजर एक ऑनलाइन डैशबोर्ड बनाया है, जिससे नालों की सफाई की निगरानी की जा रही है.

ऑनलाइन डैशबोर्ड के जरिए मिली जानकारी के अनुसार BMC अब तक ठेकेदारों पर 13 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगा चुकी है. इसके अलावा ठीक तरह से काम ना करने पर कुछ ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट भी किया गया है. एक ठेकेदार ने सिल्ट में मलबा मिलाया था इसलिए उसे 3 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया.


### AI की ली जा रही है मदद

ऑनलाइन डैशबोर्ड के लिए अब ठेकेदारों को हर सफाई के दौरान 30 सेकंड की वीडियो क्लिप और तस्वीरें भेजना जरूरी है. ये वीडियो और फोटो एक अकसिस्टम के जरिए चेक किए जाते हैं ताकि कोई गड़बड़ी न हो. वहीं सफाई के पहले और बाद की CCTV रिकॉर्डिंग भी अनिवार्य कर दी गई है. अगर कोई ठेकेदार पुराने वीडियो दोबारा भेजता है या मिलावट करता है, तो अकउसे पकड़ लेता है.

### आम लोग भी इस पोर्टल से जानकारी ले सकते हैं


हर गाड़ी की GPS से ट्रैकिंग होती है ताकि ये देखा जा सके कि वो सही जगह पर गई है या नहीं.आम लोग भी इस डैशबोर्ड पर जाकर अपने एरिया की सफाई की जानकारी ले सकते हैं. इस तकनीक के जरिए काम में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है.

# पूर्व विधायक की खेल अकादमी को किया जाएगा नीलाम...



**मुंबई:** एक विशेष मनी लॉन्ड्रिंग रोधी अदालत ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पनवेल स्थित करनाला नगरी सहकारी बैंक के लेनदारों को पुनर्भुगतान के लिए पूर्व विधायक विवेकानंद शंकर पाटिल से जुड़ी संपत्तियों की नीलामी का आदेश दिया। इन संपत्तियों में पनवेल में एक कई एकड़ में बनी खेल अकादमी और एक प्लॉट शामिल है। इन संपत्तियों को 512 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी मामले में जांच एजेंसियों ने जब्त किया था। पाटिल इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। उन्होंने पनवेल का तीन बार और उरण का एक बार प्रतिनिधित्व किया था।

# दिवा से मुंबई सीएसएमटी लोकल की मांग को लेकर हाईकोर्ट जायेंगे स्थानीय नागरिक...



**दिवा** : दिवा से मुंबई सीएसएमटी तक सीधी लोकल ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे दिवा निवासी अब कानूनी लड़ाई की तैयारी में हैं। बीते 25 दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद जब रेलवे प्रशासन और सरकार की ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिला, तो स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अमोल केंद्रे के नेतृत्व में नागरिकों ने मुंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। यह मांग कोई नई नई नहीं है-2014 से दिवा के लोग सीएसएमटी तक सीधी लोकल ट्रेन सेवा की मांग कर रहे हैं। लेकिन आज तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ट्रेन में भीड़भाड़ के कारण अब तक कई जाने जा चुकी हैं। अमोल केंद्रे ने कहा, ''रेलवे ने सिर्फ मौखिक आश्वासन दिया है कि मांगों पर विचार होगा, लेकिन 'कब' और 'कैसे' इसका कोई जवाब नहीं मिला।'' सबसे बड़ा सवाल अब दिवा के राजनीतिक प्रतिनिधियों पर उठ रहा है। जब जनता सड़कों पर है, प्रदर्शन कर रही है, तो उनके चुने हुए प्रतिनिधि कहां हैं? स्थानीय समाजसेविका अश्विनी केंद्रे के नेतृत्व में जहां महिलाएं तक मोर्चा संभाल रही हैं, वहीं जनता के 'पसंदीदा' नेता पूरी तरह से नदारद हैं।

# पुणे : ड्रग्स, हुक्का और शराब जब्त!

## पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति सहित सात लोग गिरफ्तार...



**पुणे:** पुणे पुलिस ने एक अपार्टमेंट में चल रही पार्टी में छापेमारी कर ड्रग्स, हुक्का और शराब जब्त की और सात लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति प्रांजल खेवलकर भी हिरासत में लिए गए लोगों में शामिल हैं। राकांपा (सपा) नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं था, यह पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए। रोहिणी खडसे विपक्षी राकांपा (श.प.) की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की अपराध शाखा ने एक रेव पार्टी की सूचना मिलने पर महाराष्ट्र के पुणे शहर के पॉश खराडी इलाके में स्थित स्टूडियो अपार्टमेंट पर छापेमारी की।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान गांजा, शराब और हुक्का जैसे नशीले पदार्थ जब्त किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमें खराडी इलाके के एक अपार्टमेंट में रेव पार्टी होने की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर हमारी अपराध शाखा की टीम ने छापा मारा।'' उन्होंने कहा, ''छापेमारी के दौरान गांजा, शराब और हुक्का जैसे नशीले पदार्थ बरामद हुए। हमने सात लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें पाँच पुरुष और दो महिलाएँ हैं।'' अधिकारी ने आगे कहा, ''सभी लोगों को हिरासत में ले लिया गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है।'' छापे पर प्रतिक्रिया देते हुए, एकनाथ खडसे ने कहा कि इस बात की जाँच होनी चाहिए कि क्या पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद था।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर ट्रक ने 20 वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत, 18 घायल

**मुंबई** : मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रेलर ट्रक ने कम से कम 20 वाहनों को टक्कर मार दी। इसमें एक महिला की मौत हो गई और 18 अन्य लोग घायल हो गए। हादसे का कारण ब्रेक फेल होना बताया जाता है। हादसा रायगढ़ जिले के खालापुर तालुका में खपोली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अदोशी सुरंग के पास हुआ।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक ने ब्रेक फेल होने के कारण वाहन पर नियंत्रण खो दिया। ट्रक ने बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी लग्जरी कारों सहित कई वाहनों को टक्कर मारी, जिससे 19 लोगों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को नवी मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान एक महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक मेडिकल जांच में पता चला कि हादसे के समय चालक नशे में नहीं था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# मनपा की कठोर शर्तों से नागरिक हो रहे परेशान

## आवश्यक सेवाओं पर पड़ रहा असर... सड़क खोदे जाने की अनुमति देने की गुहार

**मुंबई :** मनपा की कठोर शर्तों के कारण नागरिक परेशान हो रहे हैं। आवश्यक सेवाओं के लिए सड़क खुदाई की अनुमति नहीं मिलने के कारण नागरिकों का बुरा हाल हो रहा है। सड़क खुदाई की अनुमति नहीं मिलने से बिजली आपूर्ति की समस्या से लेकर कई अन्य समस्याओ से नागरिकों को जूझना पड़ रहा है। कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक जावेद जुनेजा ने पिछले दिनों मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर अति महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए सड़क की खुदाई करने की अनुमति दिए जाने की र लगाई है कि जिन सड़कों की वारंटी अवधि चल रही है और जिनकी नहीं भी है उन पर भी आपातकालीन मरम्मत गुहार कार्यों के लिए खुदाई की अनुमति दी जानी चाहिए। मनपा




प्रशासन ने 20 जून को एक परिपत्रक जारी कर नई सड़क बनने के बाद तीन सालों तक उसकी खुदाई की अनुमति नहीं देने का आदेश जारी किया गया। कांग्रेस नगरसेवक जुनेजा ने मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि सड़कों के नीचे बिछाई गई पानी की पाइपलाइन, बिजली के केबल और गैस पाइपलाइन यह 60 से 70 साल पुरानी है। उनकी मरम्मत या बदलाव समय-समय पर आवश्यक होती है। इस समय मुंबई के कई इलाकों में दूषित पानी की आपूर्ति और बार बार बिजली के गुल होने जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। पानी की सप्लाई नहीं होने और बिजली गायब होने से नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जुनेजा ने आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जरूरी कामों के लिए मुख्य अभियंता (सड़क और यातायात) के पास अनुमति हेतु आवेदन किया जाता है। अनुमति मिलने में 15 से 20 दिन लग जाते हैं। इस अवधि में संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को दूषित पानी पीने और अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने पत्र क्र माध्यम से मांग की है कि जैसे पहले नॉन डीएलपी सड़कों के लिए विभागीय सहायक आयुक्त को अनुमति देने का अधिकार था, वैसा ही अधिकार उन्हें दोबारा दिया जाए।

# ठाणे में अवैध निर्माण पर मनपा की सख्त कार्रवाई

## 117 इमारतें ढहाई गई...

**ठाणे :** उच्च न्यायालय के निदेशों के अनुपालन में ठाणे महानगरपालिका ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त मोर्चा खोलते हुए अब तक 151 मामलों में कार्रवाई की है। 19 जून से चल रही इस नियमित कार्रवाई में 117 अवैध निर्माणों को पूरी तरह से हटाया गया है, जबकि 34 निर्माणों के अतिरिक्त हिस्सों को तोड़ा गया है। खास बात यह है कि शील क्षेत्र के एम. के. कंपाउंड की 21 इमारतें भी इस कार्रवाई की जद में आई हैं।



बता दें कि यह अभियान मनपा आयुक्त सौरभ राव के नेतृत्व में चल रहा है, जिसमें नौ प्रभाग समितियों में उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष दल तैनात किए गए हैं। बीट निरीक्षकों द्वारा पहचाने गए अवैध निर्माणों को प्राथमिकता के आधार पर ध्वस्त किया जा रहा है। अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त शंकर पाटोले ने जानकारी दी कि अनधिकृत चाळियां, बैठी निर्माण, बढ़े हुए शेड, प्लिंथ, टर्फ आदि पर कार्रवाई की गई है, और यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। कार्रवाई के लिए जेसीबी, पोकलेन, गैस कटर, ट्रैक्टर ब्रेकर जैसे भारी उपकरणों के साथ-साथ पुलिस और महाराष्ट्र सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई है। इस पूरी प्रक्रिया की दैनिक निगरानी अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे कर रहे हैं। महावितरण और टोरेंट जैसी बिजली कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अवैध निर्माण को बिजली कनेक्शन न दिया जाए। यदि किसी अवैध निर्माण को जलापूर्ति की जा रही हो तो उसकी जांच कर नल कनेक्शन तुरंत काटा जाए। साथ ही बिना मनपा की इमारत अनुमति के आगे से कोई जलसंयोग न दिया जाए और पूर्व में दिए गए सभी अवैध जलसंयोग तत्काल बंद किए जाएं।

**प्रभाग समिति अनुसार रिपोर्ट**

19 जून से 24 जुलाई के बीच नौपाड़ा कोपरी (10), दिवा (40), मुंब्रा (20), कलवा (17), उथलसर (10), माजिवडा-मानपाडा (26), वर्तकनगर (11), लोकमान्य नगर (13) और वागले इस्टेट (4) क्षेत्रों में कुल 151 मामलों में कार्रवाई की गई है। मनपा ने स्पष्ट किया है कि यह मुहिम आगे भी इसी सख्ती से जारी रहेगी।

# मुंबई : परिचित युवक घुमाने के बहाने लोणावला ले गया, 23 वर्षीय युवती से दुष्कर्म...

**मुंबई :** लोणावला के पास 23 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक परिचित युवक उसे घुमाने के बहाने लोणावला ले गया, जहां सुनसान इलाके में उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने कहा कि आरोपी से पूछताछ जारी है और जल्द कोर्ट में पेश किया जाएगा। मुंबई के पास स्थित पर्यटन स्थल लोणावला में एक 23 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज



मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को विश्वास में लेकर उसे घुमाने के बहाने लोणावला ले गया, जहां एक सुनसान स्थान पर उसके साथ जबरदस्ती की गई। इस गंभीर वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता की आरोपी युवक से पहले से जान-पहचान थी। आरोपी ने युवती को आउटिंग का प्रस्ताव दिया और भरोसे में लेकर उसे लोणावला की ओर ले गया। वहां एक सुनसान क्षेत्र में पहुंचकर उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद युवती ने हिम्मत दिखाते हुए थाने पहुंचकर आपबीती बताई। पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मेडिकल रिपोर्ट भी दुष्कर्म की पुष्टि कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और जल्द ही उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत की मांग की जाएगी। प्राथमिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी ने पहले से ही योजना बनाकर युवती को सुनसान स्थान पर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के सामने आने के बाद से ही इलाके में तनाव और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मुंबई : महिला बैंक कर्मचारी के साथ गंदी हरकत

## 54 साल के व्यापारी को एक साल जेल की सजा

**मुंबई :** मजिस्ट्रेट अदालत ने मलाड के 54 साल के एक व्यापारी को एक साल जेल की सजा सुनाई है। उस पर आरोप है कि उसने एक महिला बैंक कर्मचारी के साथ गंदी हरकत की। महिला बैंक कर्मचारी उसके घर पर एड्रेस वेरिफिकेशन के लिए गई थी। इस दौरान उस शख्स ने जबरन उसे किस किया। मजिस्ट्रेट बीएन चिकने ने कहा कि मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि जब शिकायतकर्ता अपनी ड्यूटी पर थी। वह आरोपी के घर उसके एड्रेस वेरिफिकेशन के लिए गई थी। आरोपी घर पर अकेला था। उसने महिला बैंक कर्मचारी से जबरदस्ती की और उसकी मर्यादा भंग की।



शिकायतकर्ता एक बैंक कर्मचारी है। घटना के समय वह 27 साल की थी। कोर्ट ने कहा कि यह एक नैतिक अपराध है। वह (आरोपी) अच्छे व्यवहार के आधार पर रिहाई का हकदार नहीं है। अदालत ने उसे दोषी करार दिया और 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। वह जमानत पर बाहर था।

**मजिस्ट्रेट बोले- चश्मदीद नहीं होता**

मजिस्ट्रेट ने कहा कि जांच में कुछ कमियां थीं लेकिन महिला का बयान विश्वसनीय था। उससे सख्ती से पूछताछ की गई, फिर भी वह अपने बयान पर टिकी रही। महिला डर गई थी इसलिए, उसने देर से शिकायत की। कोर्ट ने कहा कि ऐसी घटना के बाद घबरा जाना कोई असामान्य बात नहीं है। ऐसी घटनाएं किसी महिला के जीवन में बहुत उथल-पुथल मचा सकती हैं। एक भारतीय महिला समाज के सामने खुद को उजागर करने से पहले सौ बार सोचती है। मजिस्ट्रेट ने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाएं अधिकांश निजी जगहों पर ही होती हैं। उसका कोई चश्मदीद गवाह नहीं होता है।

# मुंबई : हाईकोर्ट का महारेरा को निर्देश... दोबारा शुरू करें प्रत्यक्ष सुनवाई !

**मुंबई :** मुंबई हाईकोर्ट ने महारेरा को निर्देश दिया है कि चार सप्ताह के भीतर प्रत्यक्ष सुनवाई दोबारा शुरू करें। कोर्ट ने कहा है कि पक्षकारों को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वे सुनवाई की विधि स्वयं चुन सकें। प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के अंतर्गत पक्षकारों को यह अधिकार मिलना उचित होगा। बता दें कि महारेरा ने कोरोना महामारी के दौरान प्रत्यक्ष सुनवाई की सुविधा बंद कर दी थी। अब जब हालात सामान्य हो चुके हैं, तब भी महारेरा केवल ऑनलाइन (आभासी) सुनवाई की अनुमति दे रहा है और प्रत्यक्ष सुनवाई का विकल्प पक्षकारों को नहीं दिया जा



रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि न्यायिक कार्यवाही की उपलब्धता में प्रत्यक्ष या आभासी किसी भी माध्यम से सुनवाई में शामिल होने का विकल्प शामिल होना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रिब्यूनल को हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पक्षकारों को सभी माध्यमों से सुनवाई का अवसर मिले। न्याय तक पहुंचना एक संवैधानिक अधिकार है और इसे किसी प्रक्रिया के नाम पर सीमित नहीं किया जा सकता। विशेष रूप से जब दोनों विकल्प प्रत्यक्ष और आभासी - उपलब्ध हों, तब पक्षकारों को उनकी सुविधा अनुसार तरीका चुनने का अधिकार मिलना चाहिए।

# भिवंडी : पत्नी दहेज नहीं लाई तो पति ने दे दिया तलाक...




**भिवंडी :** भिवंडी तालुका के कोनगांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला को केवल इसलिए तलाक दे दिया गया क्योंकि वह अपने ससुराल वालों की दहेज की मांग पूरी नहीं कर सकी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। मामला कोनगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र का है, जहां एक विवाहिता शबनम ( नाम बदला हुआ) ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके पति सैफ अली कुरीशी और अन्य परिजन उस पर मायके से 5 लाख रुपए दहेज लाने का दबाव बना रहे थे।

जब उसकी मां और परिवार आर्थिक रूप से यह मांग पूरी नहीं कर सके, तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि 2 जुलाई को उसके पति ने सबके सामने तीन बार तलाक ! तलाक ! तलाक ! कहकर उसे तलाक दे दिया। इस घटना के बाद महिला ने अपने मायके आकर शांतिनगर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई, जिसमें पति के साथ-साथ सास, ससुर, ननद और अन्य ससुराल वालों के कयल 8 लोगों के नाम भी शामिल हैं।

# मुंबई : सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकनेवालों की खैर नहीं...

## अंधेरी, मालाड से लेकर बोरिवली तक सीसीटीवी से नजर

**मुंबई :** सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को पकड़ने के लिए बीएमसी मुंबई -जगह सीसीटीवी लगा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत एफ साऊथ वॉर्ड में तीन स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। बीएमसी जोन 2 के उपायुक्त प्रशांत सपकाले ने बताया कि एफ साउथ वॉर्ड के तीन मुख्य प्रमुख स्थानों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी लगाए गए हैं। इसमें शिवडी स्थित जकरिया बंदर पर बोमन लॉरी के पास, लालबाग में इनकम टैक्स ऑफिस के पास और परेल में टीके रोड पर अशोक गार्डन के पास सीसीटीवी लगाया है।



**कैमरों से रहेगा नजर**

अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों पर अवैध रूप से कचरा फेंके जाने की बड़ी शिकायत आती है। इस परिसर में कचरे को उठाने और साफ सफाई की व्यवस्था करने के बाद भी लोग सड़क किनारे इन स्थानों पर कचरा फेंक कर चले जाते हैं। सीसीटीवी के माध्यम से अब इन पर नजर रखी जाएगी। जिन स्थानों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं, उन्हें बीएमसी कचरा विभाग के सिस्टम से जोड़ दिया गया है। अब इन स्थानों पर अवैध रूप से कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करेंगे।

**यह है जुर्माना**

बीएमसी नियम के अनुसार मुंबई में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाता है। यह जुर्माना, कचरा फेंकने के प्रकार और स्थान के अनुसार अलग-अलग होता है।

**120 स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की तैयारी**

सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को पकड़ने के लिए बीएमसी ने मुंबई में करीब 120 स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की योजना बनाई है। इसमें अंधेरी पश्चिम, मालाड, गोरेगांव पश्चिम और बोरिवली एरिया शामिल है। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक रूप से कचरा फेंकने वालों पर नजर रखने के लिए इन स्थानों पर सीसीटीवी लगाई जाएगी। इस परियोजना का प्रारूप तैयार हो चुका है, जल्द ही इसका टेंडर निकाला जाएगा।

# वसई-विरार में फर्जी डॉक्टरों पर मनपा का शिकंजा... दो के खिलाफ FIR दर्ज

**वसई :** वसई-विरार शहर में एक बार फिर से फर्जी डॉक्टरों का जाल फैल गया है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए मनपा चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। हाल ही में चलाए गए एक अभियान के तहत, चिंचोटी इलाके से दो फर्जी डॉक्टरों का भंडाफोड़ किया गया और उनके खिलाफ नायगांव पुलिस स्टेशन में सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गया है। वसई-विरार शहर के तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ, अनधिकृत निर्माणों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में फर्जी डॉक्टरों के क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहे हैं। शहर में इन फर्जी चिकित्सकों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए,




महापालिका का स्वास्थ्य विभाग एक विशेष अभियान चला रहा है, जिसके लिए दो टीमें गठित की गई हैं। हाल ही में चिंचोटी- कामन इलाके में कुछ क्लीनिकों पर छापेमारी की गई। इस दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि चिंचोटी में परमहंस क्लिनिक चलाने वाले सुनील कुमार यादव और ऋतुजा पाइल्स क्लिनिक चलाने वाले लिटन मृत्युंजय विश्वास बिना किसी वैध लाइसेंस के क्लीनिक चला रहे थे। इन दोनों फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ नायगांव पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 318 (4) महाराष्ट्र चिकित्सा व्यवसाय अधिनियम, 1961 की धारा 33, 33(ए) और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 18(सी), 18(ए), 27 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वसई-विरार महापालिका ने स्पष्ट किया है कि उसके अधिकार क्षेत्र में फर्जी चिकित्सा व्यवसाय करने वालों की तलाश जारी है और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही महापालिका ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि वे अपने क्षेत्र में ऐसे किसी अवैध (फर्जी) चिकित्सक को देखते हैं, तो तुरंत अपने निकटतम शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को इसकी सूचना दें, ताकि इन पर जल्द से जल्द लगाम कसी जा सके और जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ रोका जा सके।

## सीवरों पर खतरनाक स्लैब, ऑडिट की मांग

**वसई :** वसई पश्चिम में सीवर स्लैब गिरने की घटना अभी ताजा ही है कि अब अग्रवाल इलाके में भी सीवर का स्लैब एक तरफ से गिर गया है, जिससे नागरिकों में डर का माहौल है। सड़क संख्या में नागरिक आते-जाते हैं। इसलिए अब नागरिक नगर निगम से इस स्लैब की तुरंत मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं। वसई पश्चिम के अग्रवाल इलाके में मैकडॉनल्ड्स के पास सीवर स्लैब एक तरफ से गिर गया है। इससे नागरिकों की सुरक्षा का सवाल खड़ा हो गया है। चूंकि यह गिरा हुआ स्लैब मुख्य सड़क के बिल्कुल पास है, इसलिए इस इलाके में लोगों की भारी भीड़ रहती है। खास तौर पर, स्लैब के पास ही मैकडॉनल्ड्स समेत ज्वेलरी की दुकाने, एटीएम और जिम हैं।

## मुंबईः वी. एन. देसाई अस्पताल में मोबाइल चोरी की घटनाएँ

**मुंबईः** वकोला निवासी रबीना खातून ने आरोप लगाया है कि सांताक्रूज (पूर्व) स्थित वी. एन. देसाई अस्पताल के प्रसूति वार्ड के बाहर सोते समय उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। वह वहाँ अपनी एक रिश्तेदार को देखने गई थीं। उन्हें सुबह चोरी का पता चला और उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखने का अनुरोध किया, लेकिन अस्पताल के कर्मचारियों ने उन्हें पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को कहा। मरीजों का आरोप है कि रात में अक्सर चोरी होती है एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता के अनुसार, अस्पताल में मोबाइल चोरी की घटनाएँ पहले आम थीं। हालाँकि अब इनकी संख्या कम हो गई है, फिर भी हर पखवाड़े कम से कम एक या दो ऐसे मामले सामने आते हैं, कार्यकर्ता ने दावा किया।

# ठाणे जिले में तीन बहनों की संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से मौत, मां से पूछताछ जारी...



**ठाणे :** ठाणे जिले के शाहपुर तहसील में संदिग्ध फूड पॉइजनिंग के चलते तीन मासूम बहनों की मौत हो गई। यह दुखद घटना असनोली गांव के टालेपाड़ा इलाके में हुई। पुलिस ने इस मामले की जानकारी दी। मृत बच्चियों की पहचान काव्या बेरे (10), दिवा बेरे (8) और गर्गी बेरे (5) के रूप में हुई है। तीनों बहनें 21 जुलाई को तेज पेट दर्द, उल्टी और चक्कर जैसी शिकायतों के बाद बीमार पड़ीं। उनकी मां पहले उन्हें एक स्थानीय प्राइवेट डॉक्टर के पास लेकर गईं, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें शाहपुर सब-डिस्ट्रिक्ट अस्पताल, फिर मुंबई और नासिक के बड़े अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

काव्या और गर्गी की मौत 24 जुलाई को हो गई, जबकि दिवा ने शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा है कि यह मामला अभी संदिग्ध फूड पॉइजनिंग के रूप में देखा जा रहा है। असली कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। फिलहाल बच्चियों की मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। खिनवली पुलिस स्टेशन इस मामले की जांच कर रही है।

## ठाणे : उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार अवैध निर्माण ध्वस्त...

**ठाणे :** ठाणे नगर निगम (टीएमसी) ने पिछले महीने 151 अवैध निर्माण में से 117 को ध्वस्त कर दिया और 34 अन्य में अवैध निर्माण को हटा दिया। नगर निकाय ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार अतिक्रमण विरोधी टीमों ने 19 जून से अब तक 151 अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें शील क्षेत्र में एमके कंपाउंड में 21 इमारतों को ध्वस्त करना भी शामिल है। उपायुक्त शंकर पटोले ने बताया कि टीएमसी ने अब तक 117 अनधिकृत ढांचों को ध्वस्त कर दिया है। 34 अन्य ढांचों में किए गए निर्माण को हटा दिया है। ध्वस्त की गई संरचनाओं में चालें (टेनेमेंट), विस्तारित शेड और निर्माण, चबूतरे और टर्फ शामिल हैं।

## मुंबई : महाराष्ट्र आवास विकास अधिकारी की पत्नी ने की आत्महत्या; उत्पीड़न का आरोप

**मुंबई :** पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण के एक उप-रजिस्ट्रार की पत्नी ने कांदिवली पूर्व में अपने आवास पर कथित तौर पर फांसी लगाकर अपनी जान ले ली। 44 वर्षीय महिला रेणु कटरा ने कथित तौर पर अपने पति बापू कटरा पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। रिपोर्टों के अनुसार, दंपति के बीच वित्तीय मामलों को लेकर अक्सर बहस होती थी, जिसके कारण रेणु के परिवार का दावा है कि उसने यह कठोर कदम उठाया।परिवार का आरोप है कि शनिवार रात फिर से झगड़ा हुआ, जिसके चलते रेणु ने आत्महत्या कर ली। महिला के भाई, वकील नितिन शेवाल ने दावा किया है कि उसकी मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या थी। मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया है, जो आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित है, और मामले की आगे की जांच कर रही है।

## मुंबई : अरब सागर में पलट गई नाव; तीन लापता

**मुंबई :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शनिवार सुबह अरब सागर में एक नाव पलट गई। उसमें सवार आठ मछुआरों में से पांच तैरकर तट पर पहुंच गए, जबकि तीन लापता हैं। इनकी तलाश जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह 8:30 बजे हुई, जब उरण के करंजा से नाव सवार लोग समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। भारी बारिश के कारण नाव पलट गई। अधिकारी ने बताया कि तैरकर अलीबाग तट पर पहुंचे पांच मछुआरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com